हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 22 मार्च 2024

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 शीतला माता और पारासरी मैया ने मुझे फिर बुलाया...



07 पूर्णमति माता का सिरोंज में मंगल प्रवेश, की भव्य...



## विदिशा मंडी भाव


| उपज | निम्नतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| गेहूं शरबती | 2650 | 4383 |
| गेहूं 1544 | 2150 | 3101 |
| चना | 3800 | 5616 |
| मसूर | 4205 | 6003 |
| सोयाबीन | 3100 | 4571 |
| सरसों | 3500 | 5550 |
| धान | 1600 | 3747 |
| तेवड़ा | 4000 | 4262 |
| धनिया | 4450 | 4262 |
| उड़द | 0000 | 0000 |

## खबर संक्षेप

### 5 दिन कृषि उपज मंडी में बंद रहेगी नीलामी

**विदिशा।** कृषि उपज मंडी में पांच दिन नीलामी बंद रहेगी। 23 मार्च को चौथा शनिवार होने के कारण मंडी बंद रहेगी। वहीं 24 मार्च को रविवार, 25 मार्च सोमवार को धुलेंडी के कारण मंडी में नीलामी नहीं होगी। वहीं 28 मार्च गुरुवार से 1 अप्रैल सोमवार तक वार्षिक लेखा बंदी एवं रंग पंचमी आदि के कारण मंडी में नीलामी नहीं होगी।

### खाईखेड़ा सरकारी स्कूल में फर्नीचर की व्यवस्था



**विदिशा।** शासकीय प्राथमिक शाला विद्यालय खाईखेड़ा मे विद्यालय प्रबंधन के प्रयास से प्राथमिक शाला में पढ़ रहे बच्चों के लिए बैठने के लिए नवीन फर्नीचर लाया गया है। इसके साथ ही विद्यालय में लाइट और बच्चों की सुविधा के लिए पंखे की व्यवस्था भी की गई है।

### एसएस का शिविर प्रारंभ



**विदिशा।** गर्ल्स कॉलेज की एनएसएस इकाई द्वारा माधोपुर ग्राम में 7 दिवसीय शिविर की शुरुआत की गई है। शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष सुमन सोनी एवं प्राचार्य डॉ. नीता पाण्डेय के द्वारा किया गया। इस अवसर पर जनभागीदारी समिति के सदस्य जसवीर सिंह चावला भी उपस्थित रहे। शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्राओं द्वारा ग्रामीण अंचल में जाकर स्थानीय समस्याओं को जानना और समाज सेवा में अपना योगदान देना है। शिविर उद्घाटन के अवसर पर अध्यक्ष सुमन सोनी जी ने जनसेवा के माध्यम से राष्ट्रसेवा के महत्व को बताया।

### समितियों की बैठक ली

**कुरवाई।** थाना में महिला ऊर्जा हेल्पडेक्स प्रभारी एसआई पूजा रावत, महिला आरक्षक दीक्षा यादव ने महिला शक्ति समिति की बैठक ली। तथा ग्राम रक्षा, शक्ति समिति की महिला सदस्यों को अगामी त्यौहार व करीला मेला में ड्यूटी के लिए समय पर उपस्थित होने व घटना घटित होने पर सूचना देने की समझाइश दी गई। सभी सदस्यों को साड़ी भेंट की गई।

## ईवीएम मशीनों के प्रथम चरण का रेंडमाइजेशन हुआ

# ईवीएम मशीनों से पर्चियां निकालकर दिखाईं, 20 प्रतिशत रिजर्व में भी रखीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। जिले की पांचों विधानसभाओं के लिए आवंटित की जाने वाली इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का गुरुवार को राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रथम चरण का रेंडमाइजेशन किया गया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बुद्धेश कुमार वैद्य की अध्यक्षता में प्रथम चरण का रेंडमाइजेशन कर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की पूर्ण सहमति प्राप्त होने के बाद रेंडमाइजेशन प्रक्रिया को लॉक किया गया। इसके बाद प्रिंट निकालकर सभी राजनीतिक दलों के द्वारा हस्ताक्षर किए गए। जिसकी छाया प्रतियां मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को दी गईं। कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के मौजूद प्रतिनिधियों को बताया कि प्रत्येक विधानसभा के कुल मतदान केंद्रों के साथ 20 प्रतिशत अतिरिक्त ईवीएम मशीनों का रेंडमाइजेशन किया गया है। कलेक्टर श्री वैद्य ने बताया कि ईवीएम मशीनों का 20-20 प्रतिशत अतिरिक्त रेंडमाइजेशन इसलिए किया गया है कि मतदान के दौरान यदि किसी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कोई मशीन खराब होती है अथवा अन्य तकनीकी त्रुटियां सामने आती है तो रिजर्व में रखी गई 20 प्रतिशत मशीनों में से तत्काल आवंटन करने की कार्रवाई की जाती है। कलेक्टर श्री वैद्य ने बताया कि सेक्टर ऑफिसरों को पूर्व में ही इस प्रकार की मशीन आवंटित कर दी जाती हैं। ईवीएम मशीनों के प्रथम चरण के रेंडमाइजेशन के बाद ईवीएम गोडाउन में रखी गई मशीनों का विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसरों को सौंपने प्रक्रिया पूर्ण की गई है।



विदिशा। कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने बुजुर्गों को माला पहनाकर शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई।

### भोजपुर में 90% मतदान होता है तो 100% क्यों नहीं हो सकता: कलेक्टर

कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य सिरोंज के ग्राम भोजपुर में स्वीप गतिविधियों तहत आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों में शामिल हुए। ग्रामीणजनों को मतदान करने की शपथ दिलाई गई। भोजपुर में रस्साकसी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भोजपुर गांव में विधानसभा निर्वाचन में 91 प्रतिशत मतदान हुआ था। जिसे लोकसभा निर्वाचन में 100 प्रतिशत मतदान हो के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर श्री वैद्य ने ग्रामीण मतदाताओं से आव्हान किया कि जब आप 90 प्रतिशत मतदान कर सकते हैं तो शत प्रतिशत मतदान क्यों नहीं। शत प्रतिशत मतदान यदि आप करेंगे तो आप देश में आपकी एक अलग पहचान होंगी। कलेक्टर श्री वैद्य ने गांव के विकास में मतदान की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि जिस प्रकार हम मतदान के प्रति सजग रहेंगे वैसे ही ग्राम के विकास के प्रति सजग रहेंगे।

### कलेक्टर ने नटेरन क्षेत्र का भ्रमण किया

**विदिशा।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने गुरुवार को नटेरन जनपद पंचायत मुख्यालय पर संचालित कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया। वहीं परिसर में कटहल का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कलेक्टर श्री वैद्य ने नटेरन के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के माध्यम से मरीजों को मुहैया कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। यहां साफ सफाई व्यवस्था की उन्होंने प्रशंसा करते हुए जिला चिकित्सालय से बेहतर बताई।

कलेक्टर ने वार्डों के अलावा अन्य पंजीयों सहित दावाओं के स्टोर गर्भवती महिलाओं के डिलीवरी उपरांत उपचार के प्रबंध तथा समय पर मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की क्रॉस मॉनिटरिंग के उद्देश्य से मरीजों व उनके परिजनों से बात की।

### प्रशिक्षण के लिए बस से रवाना हुए प्रशिक्षणार्थी

**विदिशा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में अध्यनरत प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार और स्वरोजगार स्थापित करने में सहायक सिद्ध होने वाली गतिविधियों से अवगत कराने बस से संभागीय औद्योगिक संस्था भोपाल एवं संत शिरोमणि ग्लोबल स्किल पार्क भोपाल रवाना किया गया। प्रशिक्षणार्थियों को लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान करने हेतु संस्था के प्रभारी प्राचार्य मनोज कुमार दुबे ने शपथ दिलाई।

# पिता और बेटे ने मिलकर की युवक की हत्या, धराए

**ग्यारसपुर थाना** क्षेत्र की घटनाः मामूली विवाद के बाद चढ़ाया ट्रैक्टर, पुलिस हिरासत में आरोपी



ग्यारसपुर। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस की जांच पड़ताल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ग्यारसपुर

खेरूआ पड़रात गांव में मामूली विवाद के बाद बाप और बेटे ने एक युवक पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामला ग्यारसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरखेड़ा गंभीर के ग्राम खेरूआ पडरात का है।

घटना की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ता शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए ग्यारसपुर अस्पताल पहुंचाया गया है। थाना प्रभारी सीमा राय ने बताया कि मृतक संदीप पिता थान सिंह लोधी बावलिया गांव का रहने वाला है। ग्रामीण ने बताया कि बुधवार को संदीप लोधी (मृतक) के खेत में कुआं खुद रहा था। इस दौरान कुएं की मिट्टी पास के खेत में चली गई। इस पर खेत मालिक लक्ष्मी लोधी ने इस बात पर विवाद करने लगा। उस समय तो आसपास के लोगों ने मामला शांत कराया।

रात को संदीप कुएं में पानी देखने गया। उसी समय लक्ष्मी लोधी और उसका बेटा हेमंत लोधी ट्रैक्टर से खेत में काम कर रह थे। लक्ष्मी और संदीप की कहासुनी हो गई। लक्ष्मी और उसके बटे ने संदीप पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस अधीक्षक दीपक शुक्ला ने बताया कि एक ही समाज के दो पक्षों में विवाद हुआ है। ट्रैक्टर से दबने से एक की मौत हो गई है। पुलिस टीम और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की है। वहीं दोनों पिता पुत्र को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

# हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं लगाने पर कार्रवाई, 50 वाहनों पर लगाया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

गुरुवार को जिला परिवहन अधिकारी ने हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट सहित वाहनों के फिटनेस, परमिट, बीमा, पीयूसी, कर प्रमाण पत्र की जांच की।

जिला परिवहन अधिकारी गिरजेश वर्मा ने बताया कि हाईकोर्ट जबलपुर के निर्देश पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट ना लगाए जाने वाले वाहनों पर चालानी की कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई की जानकारी कोर्ट को भेजी जा रही है। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद वाहनों पर पदनाम और नाम की प्लेट नंबर प्लेट लगी होने भी कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही वित्तीय वर्ष का आखिरी महीना होने के साथ जिन वाहनों के टैक्स जमा नहीं हैं। उनके टैक्स भी जमा कराए जा रहे हैं। करीब 50 वाहनों पर चालानी की कार्रवाई की गई है।



विदिशा। गंजबासौदा मार्ग पर वाहनों की जांच करते आरटीओ गिरिजेश वर्मा।

### महक की शानदार गोल कीपिंग की बदौलत दूसरे स्थान पर रही टीम

**विदिशा।** हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा दादर नागर हवेली में आयोजित 52वी सीनियर नेशनल महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता में विदिशा की खिलाड़ी महक प्रजापति ने मप्र टीम का प्रतिनिधित्व किया। महक की गोल कीपिंग की बदौलत मप्र की टीम ने इस प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। महक की इस उपलब्धि पर विदिशा हैंडबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष संदीप डोंगर सिंह, प्राचार्य खजान सिंह, अविनाश निगम, पंकज भार्गव, अमित मांझी प्रिया बामुरिया, घनश्याम मालवीय, आशीष मोदी, संजय ठाकुर, योगेश मालवीय, रविकांत नामदेव आदि बधाई दी है।



# निष्पक्ष और निडर होकर मतदाताओं के लिए जागरूक करने महिलाओं ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

गुरुवार को मतदाताओं को जागरूक करने के लिए दो पहिया वाहन रैली निकाली गई। कलेक्ट्रेट परिसर से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं द्वारा बाइक रैली निकाली। वाहन रैली को कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली में शामिल महिलाओं ने लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। वोटरों से अपील की गई कि वह आगामी लोकसभा चुनाव में निष्पक्ष, निडर होकर तथा लालच या लोभ, बिना प्रलोभन के अपने मत का प्रयोग जरूर करें। इस लोकतंत्र के पर्व के भागीदार बनें। कलेक्टर श्री वैद्य ने बताया कि जिले स्वीप गतिविधियां चलाई जा रही है, ताकि लोग को मतदान के लिए जागरूक किया जा सके। गुरुवार को महिला बाल विकास की शहरी परियोजना के द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए दो पहिया वाहन रैली का आयोजन किया गया, जो शहर का भ्रमण करने के साथ ही पूरे जिले में मतदाताओं को जागरूक करेगी। उन्होंने बताया कि उनका प्रयास है कि विदिशा जिले में सर्वाधिक मतदान हो।



# नटेरन के रावन गांव में 2 पक्षों में चले लाठी, डंडे और कुल्हाड़ी

### पुरानी रंजिश पर विवाद, दोनों तरफ से एक-एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

- दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया।

नटेरन के ग्राम रावन में बुधवार देर शाम पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोसियों के बीच जमकर चले लाठी डंडे और कुल्हाड़ी चली। जिसमें एक ही परिवार के चार सदस्य घायल हुए हैं। देर रात 9 बजे उन्हे जिला अस्पताल लाया गया।

इमरत सिंह अहिरवार ने बताया कि उनके पड़ोस में रहने वाले कुछ ने मौका पाकर मारपीट की है। मारपीट में उनका बड़ा बेटा नारायण सिंह गंभीर रूप से घायल है। उसके सिर में कुल्हाड़ी के घाव हैं। वहीं पत्नी सुनीता और छोटा बेटा भोला भी घायल हैं। इमरत को भी चोट आई हं। उन्हें देर रात विदिशा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां नारायण सिंह की हालत नाजुक होने के चलते मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। एसपी दीपक शुक्ला ने बताया कि एक ही समाज के दो पक्षों में झगड़ा हुआ था। दोनों पक्ष से एक-एक व्यक्ति की हालत गंभीर है। दोनों पक्षों की ओर से थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। घायलों का प्राथमिक उपचार कराया जा रहा है।

### स्टेशन पर 265 यात्री बिना टिकट पकड़े गए

**विदिशा।** स्टेशन पर किलाबंदी टिकट चेकिंग अभियान में 265 बिना टिकट और अनुचित टिकट यात्रियों से 1 लाख 22 हजार 480 रुपए जुर्माना वसूला है। यह अभियान वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक सौरभ कटारिया के निर्देशन में चलाया गया। स्टेशन के बाहर निकलने वाले रास्ते की घेराबंदी की गई ताकि कोई भी यात्री बिना जांच के स्टेशन के बाहर न जा सकें। सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलाये गए इस किलाबन्दी टिकट चेकिंग अभियान के दौरान स्टेशन पर आने-जाने वाली 15 गाड़ियों के यात्रियों के टिकट की जांच की गई। जांच के दौरान बिना टिकट यात्रा करने वाले 121 यात्री पकड़े गए। जिनसे 58 हजार 410 रुपए बतौर किराया/जुर्माना वसूला किया गया। अनुचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले 128 यात्री पाए गए। बिना बुक कराए सामान लेकर यात्रा कर रहे 16 यात्रियों से 1900 रुपए वसूल किया गया।

# ईश्वरीय रंग में रंगना ही श्रेष्ठ होली मनाना है

### प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा गुलाबगंज में अलौकिक होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

जिसमें ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने होली का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा कि अब तक हम केवल विसंगतियों की दूसरों के संग के रंग की माया के रंग तथा केवल स्थूल रंगों की ही होली खेलते आए हैं। जिससे होली की प्रासंगिकता ही समाप्त हो गई है। होली का अर्थ अंग्रेजी के हिसाब से पवित्र होता है, जब मनुष्य विविध प्रकार की बुराइयां कुरीतियां काम, क्रोध आदि विकारों के वशीभूत होकर तथा स्वास्थ्य की दृष्टिकोण से हानिकारक रंगों की होली खेलते- खेलते विकार सांप्रदायिकता, भेदभाव और नफरत की दलदल में फंस जाता है। तब कल्याणकारी भोलेनाथ शिव बाबा इस सृष्टि पर अवतरित होते हैं और जिन बुराइयों के प्रति नशे के लिए भांग आदि का इस्तेमाल किया जाता है। उस अशुद्ध नशे को समाप्त कर नारायणी तथा ईश्वरीय नशे का ज्ञान अमृत पान कराते हैं। सर्व मनुष्य आत्माओं को ज्ञान की होली में रंगते हैं। हमें ज्ञान से परिपूर्ण होकर एक दूसरे के ऊपर ऐसे ज्ञान का रंग लगाना चाहिए, जिससे मनुष्य आत्माओं के अंदर वसुदेव कुटुंबकम और सद्भावना का साम्राज्य स्थापित हो सके।

परमात्मा इस सृष्टि पर हमें अमिट ज्ञान के रंग की होली खेलने के लिए भी भेजते हैं। परंतु भौतिक चकाचौंध तथा आत्मविश्मृति के कारण हम सच्चे रंग को छोड़ तन और मन को अवगुणों में धकेलने वाले रंगों का सहारा लेने लगते हैं। जबकि इस सृष्टि में दो ही रंग हैं एक माया का रंग और दूसरा ईश्वर का रंग। मनुष्य इन दोनों में से एक न एक रंग में तो रंगता ही है।




# काम्पटीशन व ईवेंट्स से बहेगी तकनीकी और संस्कृति की बयार

### एसएटीआई में ओपन स्टेज पर सांस्कृतिक निशा आज, तीन दिवसीय आयोजन होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

एसएटीआई डिग्री में तकनीकी महोत्सव टेक्नोविजन-2024 एवं वार्षिकोत्सव सम्राट उत्सव-2024 का शुभारंभ गुरूवार से हो गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाराजा जीवाजीराव एज्युकेशन सोसायटी के सचिव डॉ. लक्ष्मीकांत मरखेडकर रहे। इस मौके पर निदेशक डॉ. वायके जैन, डीन एकेडमिक डॉ. जीतेंद्र पाराशर, आयोजन सचिव डॉ. मनोरमा सैनी मौजूद रही। टेक्नोविजन के पहले दिन सुबह औपचारिक शुभारंभ के बाद तकनीकी शोध पत्रों का वाचन हुआ। सुबह 11 बजे से कम्प्यूटर साइंस, इन्फारमेशन टेक्नोलॉजी, इलेक्ट्रॉनिक्स कम्प्युनिकेशन, एआईएडीएस, ब्लॉक चैन, सिविल इंजीनियरिंग, एग्रीकल्चरल इंजीनिय, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, एमबीए सहित अन्य ब्रांचों के विद्यार्थियों ने तकनीकी शोध पत्रों का वाचन किया। वहीं 22 मार्च को सुबह 10 बजे कोडिंग प्रतियोगिता, 11 बजे एडवांस कंस्ट्रक्षन मटेरियल से मॉडल बनाओ प्रतियोगिता, एनर्जी एफिषिएंट प्रोजेक्ट प्रोतियोगिता, दोपहर 12 बजे रोबो रेस प्रतियोगिता और दोपहर 2.30 बजे सामान्य क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। शुक्रवार 22 मार्च को सम्राट उत्सव का आगाज रंगोली प्रतियोगिता से होगा। इसके बाद दोपहर 12 बजे हिंदी काव्य प्रतियोगिता, दोपहर 1 बजे से हिंन्दी एक्सटेम्पोर, दोपहर 2.30 बजे हिन्दी डिबेट प्रतियोगिता, दोपहर 3.30 बजे स्केचिंग प्रतियोगिता, दोपहर 4.30 बजे एड-मेड शो प्रतियोगिता एवं शाम 6.30 बजे से ओपन स्टेज पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### आज और कल सम्राट उत्सव आयोजित होंगे

डॉ. मरखेडकर ने युवा इंजीनियर्स को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के तकनीकी, खेल और सांस्कृतिक दक्षता बढ़ाते हैं। उन्होंने एमजेईएस के चेयरमेन श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं सभी माननीय बीओजी सदस्यों की ओर से आयोजकों और विद्यार्थियों को बधाई दी। निदेषक डॉ. वायके जैन ने विद्यार्थियों से अनुशासन में रहने एवं सभी आयोजनों में बढ-चढ कर हिस्सा लेने की अपील की। वहीं डीन एकेडमिक डॉ. पाराशर ने कहा कि हमारा प्रयास है कि अगले वर्ष से ऑड सेमेस्टर में टेक्नोविजन और ईवन सेमेस्टर में सम्राट उत्सव का आयोजन किया जाए, जिससे विद्यार्थी वर्ष में दो बार टेक्निकल एवं कल्चरल ईवेंट्स का आनंद ले सकें। सम्राट उत्सव के आयोजन उप सचिव डॉ. प्रषांत तिवारी ने बताया कि तीन दिवसीय आयोजन 21 व 22 मार्च को टेक्नोविजन तथा 22 एवं 23 मार्च को सम्राट उत्सव आयोजित होंगे।

# करणी सेना क्षत्राणी ने मनाया फाग उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

करणी सेना क्षत्राणी इकाई की ज़िला अध्यक्ष सरिता नरेंद्र सिंह राजपूत की अध्यक्षता में फाग महोत्सव का आयोजन किया गया।

प्रदेशाध्यक्ष बिंदु दिलीप सिंह राठौड़ का फूल मालाओं से मोना विजय सिंह राजपूत, मंजू राजाराम राजपूत, पूनम सिसोदिया, उपासना सिंह सिसौदिया, पूजा सिसौदिया, रानी राजपूत द्वारा स्वागत किया गया। प्रदेशाध्यक्ष ने दीप जलाकर ओर रंग गुलाल लगाकर कार्यक्रम का प्रारंभ किया। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष बिंदु दिलीप सिंह राठौड़ ने बताया की प्रदेश में श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना महिला इकाई का विस्तार किया जा रहा है। सभी जिलों में फाग उत्सव आयोजित किए गए हैं। उन्होंने कहा की क्षत्राणीया आगे आएं और समाज में अपनी पहचान के साथ समाज सेवा में अपना दायित्व निभाएं। संगठन के प्रति निष्ठा और ईमानदारी से कम करें।



## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2651
उच्चतम भाव-4071
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-3200
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव-2160
उच्चतम भाव-2200
चना
न्यूनतम भाव-4800
उच्चतम भाव-5670
मसूर
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-6300
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-4490
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-4701
सरसों
न्यूनतम भाव-3910
उच्चतम भाव-5550
मूंग
न्यूनतम भाव-6500
उच्चतम भाव-6500
धान
न्यूनतम भाव-1200
उच्चतम भाव-3650
धनिया
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-5000
बटरी
न्यूनतम भाव-5450
उच्चतम भाव-6000
अलसी
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-4700

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में गुरुवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से बडी संख्या में किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में गुरूवार को 49050 बोरे कृषि उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### बाइक से गिरकर युवक की मौत



त्योंदा। बुधवार को रात्रि के समय विश्लोनी में संतोष साहू उम्र 40 वर्ष बाइक सहित पत्थर की खदान में गिर गया। जिसके उसके सिर में गंभीर चोटें आई। घायल को सुबह त्योंदा स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर डॉक्टर द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया।

### विजया देवी जैन का निधन

गंजबासौदा। जमना प्रसाद जैन पठारी वालों की धर्मपत्नी एवं गौरव जैन की दादी तथा सिंघई अजीत कुमार सिरोंज वालों की सासू मां विजया देवी जैन का स्वर्गवास हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा निज निवास स्थान बासौदा गैस एजेंसी के पास मील रोड से सुबह के समय पाराशरी विश्राम घाट के लिए निकाली गई।

# होलिका दहन के लिए लगे डांडे, मनने लगे रंगोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

आगामी 24 मार्च को होलिका दहन होना है और उसके दूसरे दिन सोमवार को रंग एवं उमंग का पर्व होली उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इसी त्यौहार की तैयारियों को लेकर नगर के होलिका दहन स्थलों पर युवाओं ने होली के डांडे स्थापित कर दिए हैं और होलिका दहन के लिए सहयोग भी लेना शुरू कर दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार होली का पर्व इलाके भर में उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस पर्व पर नगर के प्रमुख चौक चौराहों और सार्वजनिक स्थानों सहित सैकडों जगह होलिका दहन होता है। इसी के लिए इन स्थानों पर अभी से होली के डांडे स्थापित कर दिए गए हैं।

उधर इस त्यौहार को लेकर बच्चों में भी विशेष उत्साह देखा जा रहा है और गत दिवस स्कूल में परीक्षाएं खत्म होने के बाद स्कूली विद्यार्थियों ने आपस में जमकर होली खेली और एक दूसरे को रंग गुलाल लगाया। वहीं दूसरी ओर आदि शक्ति विग्रेड जिलाध्यक्ष ज्योति दुबे द्वारा सिद्धेश्वरी माता मन्दिर पर रंगभरी एकादशी के उपलक्ष्य में रंगोत्सव एवम होली मिलन का कार्यकम आयोजित किया गया। जिसमे सभी मातृ शक्तियों ने एक दूसरे को फूलो की होली व रंग गुलाल लगाकर प्रेम, एकता एवं विश्वास का परिचय दिया। मंदिर मे रंग गुलाल व फूलो की वर्षा करते हुए होली मिलन उत्साह से मनाया गया। ज्योति दुबे द्वारा सभी बहिनो को सुहाग सामग्री व मीठा वितरित किया गया। इस अवसर पर आर्या दुबे, तृप्ति दुबे, पूजा शर्मा, श्वेता शर्मा, संगीता जैन, अंजना शर्मा सीमा दुबे, साधना प्रजापति, प्रियंका जैन, शिवा दुबे, लक्ष्मी दुबे ,ममता व्यास, जानकी शर्मा, मधु चौबे, शुभ्रा डागा आदि उपस्थित थीं।







## कृषि उपज मंडी में नहीं होगी नीलामी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

कृषि उपज मण्डी समिति सचिव ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि अनाज एवं तिलहन व्यापारी संघ द्वारा आवेदन दिया गया। जिसमें 27 मार्च से 1 अप्रैल तक डाक नीलामी में भाग लेने में असमर्थ रहने की बात कही गई है। जिसमें बताया गया है कि दिनांक 23 मार्च को माह का चौथा शनिवार, 24 मार्च को रविवार, सोमवार को धुलेडी एवं अनाज एवं तिलहन व्यापार संघ के आवेदन अनुसार 27, 28 मार्च को वार्षिक लेखाबंदी, 29 मार्च को गुड फाईडे, 30 मार्च शनिवार को रंगपंचमी, 31 मार्च को रविवार एवं 1 अप्रैल सोमवार को बैंक लेखाबंदी होने से उक्त दिनांकों में व्यापार संघ डाक नीलामी में भाग लेने में असमर्थ रहेगा। उक्त दिनाकों में डाक नीलामी बंद रहेगी। कृषकों को सूचित किया जाता है कि उक्त दिनांकों में अपनी कृषि उपज विक्रय हेतु न लाऐं तथा अपने आसपास के कृषकों को भी अवगत कराऐं।

### पूर्व मुख्यमंत्री और लोकसभा प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान ने की प्रबुद्धजनों से चर्चा

# शीतला माता और पारासरी मैया ने मुझे फिर बुलाया है: शिवराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मैं पहले भी यहां से सांसद रहा हूं और जनता के साथ सीधे जुडा रहा था। पिछले 18 साल मैं मुख्यमंत्री रहा और क्षेत्र की जनता से दूरी बढ गई थी, लेकिन अब शीतला माता और पारासरी मैया ने मुझे फिर से यहां बुला लिया है। अब मैं अगले पांच साल जनता के बीच ही रहूंगा और उनकी सेवा करता रहूंगा। उक्त बात गुरूवार को नगर में आए पूर्व मुख्यमंत्री एवं विदिशा रायसेन संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान ने प्रबुद्धजनों के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री एवं लोस प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान अपनी पत्नी साधना सिंह के साथ बिलासपुर एक्सप्रेस में यात्रा करते हुए नगर में पहुंचे। जहां से रोड शो करते हुए वे स्टेशन रोड, जयस्तंभ चौक, बरेठ रोड, बैदनखेडी रोड होते हुए वे रघुवर गार्डन पहुंचे। इस बीच पूरे नगर में उनका जगह जगह गर्मजोशी एवं पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। वहीं बच्चों ने भी अपनी गुल्लकों पर मामा जी की गुल्लक लिखकर उन्हें भेंट कीं।

रघुवर गार्डन में आयोजित प्रबुद्धजनों के कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि मेरे लिए जनता की सेवा करना ही भगवान की पूजा समान है। मेरे कुछ करने से यदि बेटे, बेटियों और बहनों के चेहरे पर मुस्कान आती है तो मैं समझता हूं कि मेरी पूजा सफल हो गई है। मेरे जीवन का एक ही मिशन है देश एवं जनता की सेवा। अपने संबोधन में उन्होंने जियो और जीने दो, वसुधैव कुटुम्बकम, धर्म की जय हो, प्राणियों में सद्भावना हो, प्यासे पांडवों द्वारा सरोवर से पानी पीने जैसे उदाहरण देते हुए आध्यात्मिक तरीके से अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा अपनी मृत्यु को याद रखता हूं, इसलिए जीवन में उल्लेखनीय और जनता के हित के लिए काम करने की कोशिश करता रहता हूं,ताकि मेरे बाद भी मुझे याद रखा जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री रहते हुए अपनी सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं की भी जानकारी दी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तारीफ करते हुए उन्हें युगपुरूष एवं युगदृष्टा प्रधानमंत्री बताते हुए कहा कि वे विकसित भारत के लिए काम कर रहे हैं। उनके नेतृत्व पूरी दुनिया को दिशा दिखाएगा। उनके नेतृत्व में राममंदिर निर्माण, धारा 370 हटना, तीन तलाक कानून, दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था बनना जैसे कार्य हुए। उन्होंने जनता से आव्हान किया कि वे उन्हें चुनाव में भरपूर समर्थन दें, चुनाव के बाद वे जनता के साथ मिलकर इस क्षेत्र को आदर्श संसदीय क्षेत्र बनाएंगे। चुनाव में मैं नहीं हम काम करेंगे। मैं तो सिर्फ उम्मीदवार हूं, लेकिन चुनाव आप सब लोग लड रहे हैं। आप सवा महीने काम करो, फिर पांच साल मैं काम करूंगा। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस देश को दिशा नहीं दे सकती। कांग्रेस के सभी पदाधिकारियों को राममंदिर का निमंत्रण दिया गया, लेकिन वे नहीं आए। इसी को कहते हैं विनाशकाले विपरीत बुद्धि। उन्होंने बताया कि गांधी जी ने स्वतंत्रता के बाद कांग्रेस खत्म करने का सुझाव दिया था, जिसे नेहरू ने तो नहीं माना, लेकिन राहुल उसे पूरा कर रहे हैं। वे जहां जहां जा रहे हैं कांग्रेस का बंटाढार कर रहे हैं। यही कारण है कि सुरेश पचौरी, जनपद अध्यक्ष नीतू रघुवंशी सहित कई लोग भाजपा के साथ जुड रहे हैं।

इस अवसर पर विधायक हरिसिंह रघुवंशी और भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश सिंह जादोन ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस मौके पर मंच पर साधना सिंह, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेन्द्र रघुवंशी, सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, मनोज यादव, अमृतांशु यादव सहित बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद थे। इस कार्यक्रम के बाद पूर्व मुख्यमंत्री एवं लोस प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान ने पंचतत्व संस्था के सहयोग से गार्डन परिसर में कदम्ब के पौधे भी रोपे। इस दौरान संस्था अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह दांगी, प्रमोद सिंह राजपूत सहित संस्था के अन्य सदस्य मौजूद थे।

इस कार्यक्रम के बाद उन्होंने वार्ड क्रमांक 14 में पहुंचकर लाडली बहनों से चर्चा की और वार्ड क्रमांक 4 में वार्डवासियों के साथ चाय पर चर्चा कर ट्रेन से वापस रवाना हो गए।








# पत्थर का अवैध परिवहन करते ट्रक को जब्त किया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बुधवार को रात्रि 7.45 बजे एसडीएम विजय राय ने तहसीलदार, अतिरिक्त तहसीलदार वृत्त उदयपुर, चौकी प्रभारी बरेठ एवं हल्का पटवारी सहित अन्य पटवारियों के साथ औचक भ्रमण के दौरान बरेठ ओवर ब्रिज के नीचे (भाटनी की तरफ) एक ट्रक क्रमांक MP 09 KB 7223 जाते हुए पकड़ा। जिसमें पत्थर फर्शी भरी हुई थीं। ट्रक को रोककर मौका स्थल पर पूछताछ की गई। ट्रक ड्राइवर इसरार खान निवासी उदयपुर द्वारा पत्थर फर्शी परिवहन संबंधी दस्तावेज अधिकारियों द्वारा मांगे गए। मौका स्थल पर ट्रक ड्राइवर द्वारा किसी प्रकार के कोई वैध परिवहन संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। जिसके बाद प्रशासनिक अमले ने मौका स्थल से ट्रक जब्त कर अवैध परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई की गई एवं ट्रक को अभिरक्षा में रखवाया गया।

# बैठक में दिए दिशा निर्देश




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य द्वारा टीएल की बैठक आयोजित की गई। जिसमें निर्वाचन एवं राजस्व, पीएम जनमन अभियान आदि कार्यो की समीक्षा की गई एवं संबंधित उपखण्ड स्तरीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये गये। इस अवसर पर एसडीएम विजय राय सहित अन्य विभागों के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।

### नया बस स्टैंड क्षेत्र में विद्युत ट्रांसफार्मर में लगी आग

# अनेक स्थानों पर खुले विद्युत ट्रांसफार्मर दे रहे दुर्घटानाओं को आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर में अनेक स्थानों पर खुले पड़े विद्युत ट्रांसफार्मर के बॉक्स दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहे हैं। पूर्व में इन खुले बॉक्स से करंट की चपेट में आने से अनेक लोग एवं मवेशी काल के गाल में समा चुके हैं एवं अनेक लोग गंभीर रुप से घायल हो चुके हैं। जागरुक नागरिकों ने बताया कि अनेक स्थानों पर पूर्व से विद्युत ट्रांसफार्मर लगे हैं जिनके बॉक्स खुले पड़े हुए हैं। वहीं विद्युत ट्रांसफार्मरों के पास सड़कों का निर्माण हो जाने से सड़क की हाइट ऊंची हो गई है जिसके चलते विद्युत ट्रांसफार्मर बहुत नीचे दिखाई देने लगे हैं। जो दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहे हैं। गुरुवार को सुबह के समय बरेठ रोड नया बस स्टेण्ड रामलीला ग्राउण्ड परिसर में विद्युत ट्रांसफार्मर में तारों के जाल के बीच निकली चिंगारी से भीषण आग लग गई। लोगों ने जब विद्युत ट्रांसफार्मर से उठती आग की लपटें और धुंआ देखा तो इसकी सूचना विद्युत वितरण कंपनी को दी। जिसके बाद बेदनखेड़ी क्षेत्र का विद्युत प्रदाय बंद किया गया। लेकिन जब तक विद्युत ट्रांसफार्मर की आग बुझाई गई तब तक विद्युत ट्रांसफार्मर जल चुका था। बाद में विद्युत कर्मियों द्वारा जले हुए विद्युत ट्रांसफार्मर को हटाकर दूसरा विद्युत ट्रांसफार्मर रखा गया।



### अतिथि शिक्षक संघर्ष समिति ने सौंपा ज्ञापन

गंजबासौदा। अतिथि शिक्षक संघर्ष समिति द्वारा नगर में आए पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को स्मरण पत्र सौंपकर स्वागत किया गया। अतिथि शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष राकेश कुशवाह और ब्लॉक अध्यक्ष कीर्ति राजपूत के नेतृत्व में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुष्प वर्षा कर और फूल मालाओं से स्वागत किया, साथ ही ज्ञापन पत्र सौंपकर निवेदन किया कि आपने अतिथि शिक्षकों की 2 सितंबर 2023 को महापंचायत में जो घोषणाएं की थी उनका आदेश जारी करवाया जाए। जिससे हजारों अतिथियों का भविष्य सुरक्षित हो, ब्लॉक अध्यक्ष कीर्ति राजपूत ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जो अतिथि भाई, बहनों के लिए 2 सितंबर को महापंचायत बुलाई थी, उसमें घोषणा की थी कि डबल मानदेय करेंगे। वह तो कर दिया पर जो घोषणा की थी उनमें बारह माह का सेवाकाल और 50 प्रतिशत आरक्षण 20 अंक बोनस और गुरुजियों की तरह विभागीय परीक्षा लेकर नियमित करेंगे, इसका अभी तक कोई विभागीय आदेश नहीं किया। हमारे साथी आए दिन हटाए जा रहे हैं, हमारा भविष्य कब सुरक्षित होगा। इस दौरान अतिथि शिक्षक संघ के लटेरी ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र धाकड़, सिरोंज ब्लॉक अध्यक्ष गोविंद सिंह चौहान, लटेरी से तुलसा अहिरवार, नटेरन से मुकेश कुमार जैन, प्रहलाद विश्वकर्मा, संजीव शर्मा, रामकरण कुशवाह, मुरारी लाल वशिष्ठ, महेंद्र कुशवाह, शशिकांत पटे, महेश कुशवाह, रामकुमार साहू, भूपेंद्र सिंह ठाकुर, रामबाबू कुशवाह, गौरव पटेल, मंजू सुमन सहित बड़ी संख्या में अतिथि शिक्षक, शिक्षकाएं उपस्थित थे।

# नेत्र शिविर में हुई 217 मरीजों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर द्वारा स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से नेत्र शिविर आयोजित किया गया। जिसमें डॉ. सुनील जैन, डॉक्टर अरुण कुर्मी ने लगभग 217 मरीजों के नेत्र परीक्षण किए। वहीं मोहन सिंह जादौन ने भी रक्त परीक्षण शुगर परीक्षण एवं बीपी की जांच कर जांच कार्य में सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ नेत्र चिकित्सक डॉक्टर सुनील जैन एवं समाजसेवी सुनील पिंगले, डॉ. अरुण कुर्मी ने स्वर्गीय रणछौर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित कर किया। एवं नेत्र चिकित्सकों कैंप इंचार्ज जीतू पाठक, अभिषेक सुमन, मोहन सिंह जादौन का पुष्पहार से स्वागत किया। शिविर सहयोगी एवं वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर में 37 मरीजों को मोतियाबिंद चिन्हित किया गया, 45 लोगों को चश्मे के नंबर निकालने की सलाह दी गई, 45 लोगों को चश्मा प्रदान किए गए। वहीं अंकित बघेल ने चश्मा के नंबर निकाले 94 मरीजों को दवाइयां का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर सतीश शिल्पकार ने विचार व्यक्त किए। अस्पताल के डॉक्टर सुनील जैन और सुनील बाबू पिंगले ने सद्गुरु सेवासंघ ट्रस्ट आनंदपुर द्वारा अंधत्व निवारण के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि स्वर्गीय रणछोड़ दास के आशीर्वाद से लगभग 40000 से अधिक ऑपरेशन प्रतिवर्ष किए जाते हैं। जो की सराहनीय एवं अनुकरणीय उदाहरण है। इस अवसर पर समाजसेवी त्रिलोकी सेन, विवेक नामदेव, संजय शर्मा आदि ने अपना सहयोग प्रदान किया गया।




### बंद रहा बिजली प्रदाय

गंजबासौदा। गुरुवार को पचमा बायपास क्षेत्र में दोपहर 2 बजे से विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली प्रदाय बंद कर दिया गया । जो शाम 6.30 बजे तक बंद रहा। जिससे पंखा, कूलर नहीं चल सके और लोगों को गर्मी में परेशानियों का सामना करना पड़ा। वार्डवासियों ने विद्युत कंपनी से विद्युत वितरण कंपनी से अघोषित विद्युत कटौती बंद करने की मांग की है।

## दिगंबर जैन बड़ा मंदिर और पचखनी जैन मंदिर में आर्यिका माताजी ने श्रद्धालुओं को किया संबोधित

# पूर्णमति माता का सिरोंज में मंगल प्रवेश, की भव्य अगवानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

आचार्य श्री 108 विद्या सागर जी महामुनिराज की परम प्रभावक शिष्या पूज्य 105 पूर्णमति माता जी एंव पूज्य 105 मधुर मति माता जी,पूज्य कुशल मति माता जी अपने संसघ के साथ सिरोंज में मंगल प्रवेश हुए। इस अवसर पर जैन समाज ने भव्यता पूर्वक आगवानी की। दिगंबर जैन बडा मंदिर एंव दिगंम्बर जैन पचखनी जैन मंदिर में पहुचकर आर्यिका मां पूज्य पूर्णमति माता जी ने अपने मधुर स्वरों से शांति धारा का पाठ किया और अल्प समय ही हमें उनके मुखारबिन से अपने निकले शब्दो को स्वर्ण करने सौभाग्य प्राप्त हुआ। आर्यिका माताजी ने कहा कि अल्प समय में तीसरी बार हमारा सिरोंज आना हुआ है और इतनी सुदंर भगवान पार्श्वनाथ की प्रतिमा को देखकर हम आनंदित हो गए। वही उन्होने कहा कि हम भगवान से प्रार्थना करते है कि हम सदैव आपके दर्शन करते रहें और सदैव हमारी आखों में आप बसे रहें और जब भी हमारी आखे खुले तो आप ही दिखे। उन्होने श्रवको से कहा कि 24 घण्टें में मन से कुछ समय के लिए सच्चे दिल से ईश्वर को याद करें उन्हे नमन करे और जब भी मंदिर आते समय सब तरफ से ध्यान हटाकर सिर्फ भगवान पर ध्यान लगाए और उनसें प्रार्थना करे कि भगवान आप हमें इसी तरह दर्शन देते रहें और आपके चरणो में आपके दर्शन मिलें। यदि मुक्ति चाहिए तो भगवान की आराधना में लग जाए।

### पहले हमारे गुरू का आशीर्वाद था हमें, हम दौडे चले जाते थे

धर्म सभा को संबोधित करते हुए आर्यिका माताजी ने कहा कि हमारे गुरू का जब हमारे ऊपर आर्शीवाद रहता था तो हम हजारो मील कैसे चले जाते थें और हमें पता भी नही चलता था ऐसा लगता था कि हमें किसी ने फूल जैसे उडाकर ले गया हो। अब हमें हमारे गुरू का आर्शीवाद नही मिलने के कारण हमें यह अहसास होता है कि हम सिर्फ चल रहें। यह बात माती जी ने बडें भावुक होकर कही तो श्रर्वको की आखें नम हो गई।



### समाजजनों ने की श्रद्धाभाव के साथ अगवानी

जैसे ही शहर में जैन समाजजनो को आर्यिका संघ की आगमन की जानकारी मिली। वैसे ही महिलाए और पुरूष,बच्चें आगवानी के लिए दौड़ पडें। वही दिगंबर जैन नवयुवक मण्डल की दिव्य घोष आगवानी के साथ दिव्य देशना महिला मण्डल ने भी भव्य आगवानी में अपनी अहम भूमिका निभाई। मुख्य बाजार में श्रद्धालुओं ने माताजी के चरणों को धुलाया। इस अवसर पर पंचखनी दिगम्बर जैन मंदिर के अध्यक्ष डॉ राजीव जैन बंटी ने पचखनी जैन मंदिर के नवीन मंदिर निर्माण के लिए आर्शीवाद प्राप्त लिया। वही दिगम्बर जैन बडा मंदिर के मंत्री जितेन्द्र जैन बब्लू ने स्थानिए जैन मंदिरो की जानकारी दी।

### कुंडलपुर में आचार्य पदारोहण समारोह में शामिल होंगे 500 पिच्छी



आचार्य श्री विद्या सागर जी के उतराधिकारी प्रतिष्ठा महोत्सव कुण्डलपुर में 16 अप्रैल को देश की जानी मानी हषितयों के साथ देश - विदेश से हजारो श्रद्धालु कुण्डलपुर पहुच रहें है। जिसमें लगभग 280 महामुनिराज एंव लगभग 350 आर्यिका माताजी पहुच रही है। इस कार्यक्रम को लेकर जैन समाज पूरे उत्साह के साथ इतिहास के पन्नो में लिखने जा रही है यह कार्यक्रम कुण्डलपुर में ही इसलिए आयोजित हो रहा है कि आचार्य श्री विद्या सागर महाराज के कुण्डलपुर के बडें बाबा आराध्य रहें है इसलिए यह कार्यक्रम कुण्डलपुर में ही आयोजित हो रहा है। पिछले लगभग 400 वर्षो में जैन धर्म का आचार्य श्री ने जिस ऊचाईयों पर पहुचाया है उन ऊचाईयों से ओर ऊपर उनके अनुआयी एंव उतराधिकारी धर्म को और भी ऊपर ले जाएगें। इतिहास में पहली बार लगभग 500 पिच्छी एकत्रित हो रही है। यह कार्यक्रम विश्व का एक अनुठा कार्यक्रम होगा। जिसमें 45 कमेटियों के अलावा रहने के लिए टेंटो की व्यवस्था के साथ पानी,भोजन के साथ यातायात व्यवस्था के साथ साधु संतो के लिए लगभग 500 चौके लगाने की व्यवस्थाए की जा रही है।

## पुलिस ने स्थाई वारंटी को अवैध हथियार के साथ हिरासत में लिया

**टीकमगढ़।** जिले की बल्देवगढ़ थाना पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में कार्य करते हुए एक स्थाई वारंटी को अवैध सामग्री के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए इस स्थायी वारण्टी के कब्जे से पुलिस ने अवैध 315 बोर का कट्टा एवं एक 315 बोर के जिंदा कारतूस जब्त करते हुए उसे गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ रोहित काशवानी द्वारा अवैध हथियार रखने वालों, स्थायी वारंटियों पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी के चलते अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम, अनुसूचित अधिकारी पुलिस टीकमगढ़ राहुल कटरे के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी बल्देवगढ़ मनोज कुमार सोनी के नेतृत्व में चौकी मंजना पुलिस द्वारा न्यायालय के प्र0क0 714/18 धारा 34 आवकारी एक्ट में फरार स्थायी वारण्टी विश्वनाथ पुत्र बाबूलाल पटेल 54 वर्ष निवासी रोरई चौकी मजना थाना बल्देवगढ़ को रोरई तिगैला पर अवैध एक 315 बोर के देशी कट्टा व एक 315 बोर के जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 15/24 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट कायम किया गया। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी मजना उप निरीक्षक रामसेवक झां, प्रधान आरक्षक हरिश्चन्द्र अहिरवार, घनश्याम खटीक, आरक्षक संदीप यादव, तेजराम अहिरवार शामिल रहे।



## एकादशी पर रंगीली होली खेलकर हुई होली के त्यौहार की शुरूआत, चहुंओर नजर आया उत्सवी उल्लास

# रंगभरी एकादशी पर मदन मोहन सरकार के दरबार में उमड़ा भक्तजनों का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

नगर के प्रसिद्ध देवा धी देव मदन मोहन सरकार के दरबार में रंगभरी एकादशी धूमधाम से मनाई गई। वही रंगभरनी एकादशी पर भक्तो ने मंदिर में रंगीली होली की शुरूआत की। इस अवसर पर मंदिर के प्रधान पुजारी पं नवनीत शर्मा ने रंगभनरी एकादशी का महत्व बताते हुए कहा कि होली से पहले आने वाली एकादशी को रंगभरी एकादशी कहा जाता है। इस दिन भगवान विष्णु की विशेष पूजा की जाती है, इसके साथ ही भगवान शिव और मां पार्वती की अराधना भी होती है।

ऐसा कहा जाता है कि इस दिन भगवान शिव और गौरा का गौना हुआ था, इसलिए काशी विश्वनाथ से लेकर उज्जैन के महाकाल मंदिर में रंगभरी एकादशी पर विशेष कार्यक्रम होते हैं। इस बार रंगभरी एकादशी 19 मार्च को शुरू हुई और 20 मार्च को दोपहर दो बजे खत्म हुई। रंगभरी एकादशी पर भगवान विष्णु और लक्ष्मी जी के साथ माता पार्वती और भगवान शिव की पूजा की जाती है। इस दिन सुबह सवेरे स्नान कर साफ कपड़ा बिछाकर मां पार्वती और लक्ष्मी जी को सुहाग की चीजें और फूल अर्पित किए जाते है। इसके बाद भगवान शिव और भगवान विष्णु को तिलक लगाकर मिठाई और फल अर्पित करें। इसके बाद उनकी आरती उतार कर पूजा संपन्न करें। वही उन्होने आमलकी एकादशी के व्रत की कथा सुनाते हुए कहा कि प्राचीन काल में चित्रसेन नामक राजा राज्य करता था। उसके राज्य में एकादशी व्रत का बहुत महत्व था और सभी प्रजाजन एकादशी का व्रत करते थे। वहीं राजा की आमलकी एकादशी के प्रति बहुत श्रद्धा थी। एक दिन राजा शिकार करते हुए जंगल में बहुत दूर निकल गये। तभी कुछ जंगली और पहाड़ी डाकुओं ने राजा को घेर लिया। इसके बाद डाकुओं ने शस्त्रों से राजा पर हमला कर दिया।

मगर देव कृपा से राजा पर जो भी शस्त्र चलाए जाते वो पुष्प में बदल जाते। डाकुओं की संख्या अधिक होने से राजा संज्ञाहीन होकर धरती पर गिर गए। तभी राजा के शरीर से एक दिव्य शक्ति प्रकट हुई और समस्त राक्षसों को मारकर अदृश्य हो गई। जब राजा की चेतना लौटी तो, उसने सभी राक्षसों का मरा हुआ पाया। यह देख राजा को आश्चर्य हुआ कि इन डाकुओं को किसने मारा तभी आकाशवाणी हुई हे राजन यह सब राक्षस तुम्हारे आमलकी एकादशी का व्रत करने के प्रभाव से मारे गए हैं। तुम्हारी देह से उत्पन्न आमलकी एकादशी की वैष्णवी शक्ति ने इनका संहार किया है। इन्हें मारकर वहां पुनः तुम्हारे शरीर में प्रवेश कर गई। यह सुनकर राजा प्रसन्न हुआ और वापस लौटकर राज्य में सबको एकादशी का महत्व बतलाया।



## बड़ी उम्र में जन्म देने वाली माताओं के बच्चों में पाया जाता है डाउन सिंड्रोमः डॉ एमके जैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

डॉ एमके जैन आईएपी विदिशा द्वारा विश्व डाउन सिंड्रोम जागरूकता दिवस पर मेडिकल कॉलेज के शिशु विभाग में एक संगोष्ठी आयोजित की गई।

आईएपी की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं मेडिकल कॉलेज की शिशु विभाग की प्रमुख डॉ नीति अग्रवाल ने बताया कि यह एक जन्मजात अनुवांशिक बीमारी है जो लगभग 700 बच्चों के जन्म में एक बच्चे को देखने में मिल सकती है। देखने में बच्चे सामान्य दिखते हैं लेकिन शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास में कमी रहती है और यह कमी बच्चों के रक्त में 21 वें गुणसूत्र की अतिरिक्त मौजूदगी के कारण पाई जाती है। आईएपी के विदिशा के अध्यक्ष वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ एमके जैन ने बताया कि डाउन सिंड्रोम अधिकांशतः ज़्यादा उम्र की माताओं से जन्म लेने वाले बच्चों में पाया जाता है। बीमारी से पीड़ित बच्चों में छोटा क़द, चपटा चेहरा, दबी हुई नाक , बादाम जैसी आंखें छोटी गर्दन छोटे छोटे हाथ पैर, बड़ी जीभ जो की मुंह से बाहर को निकली रहती है। ढीली ढाली मांसपेशीयां, हृदय, नाक , कान और आंखों की जन्मजात समस्या भी पाई जाती है हथेली में भी एक ही पाल्मर रेखा देखने मिलती है। बौद्धिक क्षमता भी कम पाई जाती है शाखा सचिव एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ सुरेंद्र सोनकर ने बताया कि इस बीमारी में पीड़ित बच्चों में जन्मजात हृदय रोग, थाइरोइड रोग, सीलियक बीमारी, अल्ज़ाइमर, ऑटिस्म और कॉनस्टिपेशन की समस्या भी पाई जाती है। इस बीमारी को रोका तो नहीं जा सकता लेकिन गर्भअवस्था में मां के रक्त और गर्भ का अमीनोसेंटेसिस या कोरियोनिक विल्लियस सैंपल से मालूम किया जा सकता है। संगोष्ठी में सम्मिलित प्रतिभागियों के सवालों के जवाब में बताया गया कि पीड़ित बच्चों को अनेकों विकृतियों के कारण जीवन ज़्यादा लंबा नहीं होता लेकिन उचित और शिशु रोग विशेषज्ञ, नाक कान गाला रोग विशेषज्ञ, नैत्र रोग विशेषज्ञ, हृदय रोग विशेषज्ञ, स्पीच थेरापिस्ट, फ़िज़ियोथेरेपिस्ट के समन्वित प्रयासों से उनका जीवन सुगम बनाया जा सकता है। डॉ नीति अग्रवाल पूर्व प्रदेश आईएपी अध्यक्ष डॉ एमके जैन आईएपी अध्यक्ष विदिशा डॉ सुरेंद्र सोनकर आईएपी सचिव मौजूद रहे।




## बेटी ने मां के साथ कराई रिपोर्ट, आरोपी पिता गिरफ्तार

**बरेली।** एक बेटी ने मां के साथ थाने पहुंचकर पिता के विरुद्ध छेड़छाड़ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। बाद में मां बेटी पुनः थाने रिपोर्ट कराने पहुंची और इसी माह 19 मार्च को फिरी से पिता ने बेटी के साथ दुष्कृत्य की रिपोर्ट कराए जाने पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी पिता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एक 15 वर्षीय नाबालिंग लड़की ने अपने ही पिता के विरुद्ध पहले छेड़छाड़ मारपीट परेशान करने की रिपोर्ट फिर दुष्कृत्य किए जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। नाबालिग पीडिता की रिपोर्ट पर पिता पर दुष्कर्म की धारा सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया। वहीं पीड़िता का मेडिकल भी कराया गया। पीड़िता नाबालिग और उसकी मॉ पिता, पति की हरकतों से परेशान बने हुए थे। पत्नी ने पिता को अनेक बार समझाया परंतु वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा था। उक्त बात पूछताछ के दौरान सामने आई।

## मंत्री कार्यालय में हुई चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में कार्यकर्ताओं में भरा गया जोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

विधायक एवं रायमंत्री पटैल के कार्यालय में उदयपुरा बरेली विधानसभा क्षेत्र की चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक हुई। जिसमें भाजपा के पदाधिकारियों, लोकसभा संयोजक स्वदेश पुरोहित लोकसभा विस्तारक संजय बडोरे प्रदेश के रायमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटैल की विशेष उपस्थिति रही। बैठक में समिति के सदस्यों को दायित्व सौंपे गए।

### प्रतिनिधियों से करें संपर्क

विधायक कार्यालय शिवाजी पटैल सेवा सदन में हुई बैठक में रायमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटैल ने कहा कि हर बूथ पर &70 से अधिक वोट बढाने का लक्ष्य रखा गया है। पूरी ताकत से जुट जाएं, बूथ जीतने और वोटों का प्रतिशत बढ़ाने सभी पदाधिकारी पूरी ताकत से केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क और मोदी जी को प्रणाम कहना है। कहा कि पूरी ताकत और विश्वास के साथ चुनाव लडेगे एवं बार पुनः मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाएगे एक लाख मतों से लोकसभा प्रत्याशी को विधानसभा से जिताना है। लोकसभा संयोजक स्वदेश पुरोहित ने कहा कि लोकसभा क्षेत्र में 5 लाख लाभार्थी है। उनसे मिलना है जो सरकार की योजनाओं का लाभ ले रहे है। प्रत्याशी दर्शन सिंह चौधरी को भारी मतों से जिताकर संसद भोजना है। बैठक में लाभार्थी जन संपर्क प्रभारी राजेश तिवारी विधान सभा प्रभारी सुरेन्द्र तिवारी, विधान सभा चुनाव प्रभारी हरनाम सिंह राजपूत, संयोजक प्रहलाद लोधी, जिला महामंत्री नेपाल सिंह राजपूत, राजेश पंथी, शंकर सिंह पटैल, जिला उपाध्यक्ष शेर सिंह चौधरी, धीरेन्द्र कुशवाहा, राजेन्द्र ठाकुर, पवन रघुवंशी, केशव पटैल, योगेश पटैल, राजकुमार अरेले, रोहित चोधरी, नपं. अध्यक्ष हेमंत चौधरी, अभिषेक राजपूत मण्डल अध्यक्ष रेवा सिंह गोदर के साथ अन्य पार्टी पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।



## पर्यावरण संरक्षण की दिशा, गुरूकुल स्कूल में नई अनूठी पहल

**हरिभूमि न्यूज. बरेली।** नगर की अग्रणी सीबीएसई शिक्षण संस्था द्वारा आर्थिक बोझ कम करने पर्यावरण संरक्षण और छात्रों के बीच आपसी सहयोग बढ़ाने नई पहल के तहत नए शिक्षा सत्र में शैक्षणिक पाठयक्रम में कोई बदलाव न कर छात्रों की पुरानी पाठयक्रम वाली पुस्तकों को जमा करने और छात्रों को अपनी आवश्यकतानुसार पुस्तकें प्राप्त करने की पहल शुरू की है। गुरूकुल स्कूल के संचालक प्रशांत राठी ने इस विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि इस पहल से पर्यावरण संरक्षण होने, वृक्षों की कार्यक्रम होने के साथ पालकों पर पडने वाला आर्थिक बोझ भी कम होगा। स्कूल के छात्र छात्राओं के भी आपसी सहयोग की भावना भी बढेगी। आत्मनिर्भरता के गुण भी विकसित होगे। गुरूकुल स्कूल की इस अनूठी पहल का प्रदेश के लोग स्वास्थ्य रायमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटैल ने सराहना और प्रसन्नता व्यक्त की है। वहीं स्कूल के पालकों में भी खुशी नजर आ रही है।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, स्व. श्री वीरेन्द्र सिंह सेंगर पुत्र श्री अमरसिंह सेंगर जाति राजपूत निवासी मोहल्ला हाजीपुर सिरोंज के स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक प्लाट/मकान मोहल्ला लिंक रोड वार्ड नंबर 03 सिरोंज जिला विदिशा में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 1400 वर्ग फीट का है जो कि आराजी कमांक 2542 वर्तमान में 2542/4 रकवा 0.013 हें. में स्थित है जिसकी चर्तुसीमाये निम्न है पूर्व में भूमि विक्रेता, पश्चिम में लिंक रोड, उत्तर में भूमि विक्रेता तथा दक्षिण में रोड है उक्त प्लाट / मकान को स्व. श्री वीरेन्द्र सिंह सेंगर ने दस्तावेज कमांक 801 दिनांक 06.06.2000 के द्वारा श्री रामबाबू ओमप्रकाश पुत्रगण राधेदास बैरागी निवासी हाजीपुर सिरोंज से क्रय किया था । श्री वीरेन्द्र सिंह सेंगर की मृत्यु दिनांक 21.08.2022 हो गयी है उनकी मृत्यु उपरांत उक्त प्लाट / मकान राजस्व के रिकार्ड में उनकी पत्नि श्रीमति रेनू पुत्र आदर्श पुत्री शैलजा के नाम पर नामांतरण हो गया है। कि अब उनके कानूनी वारिस श्रीमति रेनू पत्नि स्व. श्री वीरेन्द्र सिंह सेंगर एवं उनके पुत्र आदर्श पुत्री शैलजा के द्वारा उपरोक्त वर्णित मकान पर ऋण प्राप्त करने हेतु Hinduja Housing Finance Ltd विदिशा में बंधक कर ऋण प्राप्त कर रहे है। अत एव इस सार्वजनिक सूचना के द्वारा सूचित किया जाता है कि, उक्त प्लाट / मकान को बंधक किये जाने में यदि किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक आदि को किसी प्रकार की स्वामित्व विषयक, देयता विषयक, बंधक विषयक, अधिकार विषयक आपत्ति हो अथवा अन्य कोई कर्ज हो तो वह इस प्रकाशन के 7 दिवस के अन्दर कार्यालीन समय में मेरे कार्यालय में आपनी आपत्ति लेखी प्रस्तुत करे। उक्त अवधि के पश्चात उक्त मकान मय प्लाट को Hinduja Housing Finance Ltd. विदिशा बंधक करने के लिये अग्रसर हो जायेगी एवं ऐसी दशा में किसी की, किसी भी प्रकार की आपत्ति या अधिकार मान्य नही होगा सूचित हो ।

भवदीय नीरज जैन एडवोकेट
आउट ऑफ खारी फाटक, वार्ड नं. 30
नियर पीतल मिल चौराहा, विदिशा
मोबाईल नं. - 9827543733

### खाटूश्याम बाबा का दिव्य-ज्योत श्रृंगार दर्शन

## 56 भोग व फूलों की होली के साथ मधुर भजनों पर जमकर झूमे भक्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ शमशाबाद

श्याम संकीर्तन परिवार द्वारा फागुन उत्सव पर खाटू श्याम मंदिर प्रांगण में नगर के महिला, पुरुष और बच्चों ने एक-दूसरे पर रंग-बिरंगे फूलों की वर्षा कर एवं गुलाल लगाकर सूखी होली खेली गई। सतरंगी फाग महोत्सव में मुख्य आकर्षण का केंद्र खाटू श्याम का मनमोहक दरबार रहा। खाटू श्याम के दरबार को खूशबूदार फूलों से सजाया गया था। सर्वप्रथम सभी श्याम भक्तों ने श्री श्याम बाबा की विधिवत पूजा अर्चना एवं आरती की व सुंदरकांड पाठ, बाबा के भजन कार्यक्रम हुआ जिसमें राधेश्याम विश्वकर्मा,गोपाल सिंह राजपूत,सुनील सेन आदि गायकों ने भजनों की प्रस्तुति दी। श्याम भक्तों ने बाबा को रंग गुलाल लगाकर आशीर्वाद लिया। सभी भक्त फाग गीतों की धुन पर नाचते गाते रहे। सभी ने श्याम के भजनों का भरपूर आनंद उठाया। इस अवसर पर श्याम संकीर्तन परिवार के सदस्य सहित बड़ी संख्या में श्याम भक्त उपस्थित रहे।

## मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन कर मतदान करने शपथ दिलाई

# कलेक्टर ने निर्वाचन तैयारियों का जायजा लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ लटेरी

लटेरी गुरुवार शाम 6 बजे जय स्तम्भ चौराहा पर एक मतदाता जागरूकता के सबन्ध में एक मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें नवागत कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने सिरोंज विधानसभा क्षेत्र लटेरी में लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर किए जा रहे प्रबंधो का जायजा लिया। एसडीएम कार्यालय में आयोजित बैठक के पूर्व उन्होंने मतदाता जागरूकता रैली में उपस्थित रहकर सहभागिता भी निभाई है। उपरोक्त आयोजन में जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट के साथ-साथ स्थानीय एसडीएम ,सिरोंज एस डी एम हर्षल चौधरी के अलावा पुलिस विभाग के एसडीओपी अजय मिश्रा सहित सभी थाना प्रभारी उपस्थित रहे एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी साथ मौजूद रहे। लटेरी में आयोजित समीक्षात्मक बैठक में कलेक्टर श्री वैद्य ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन के दौरान सागर संसदीय क्षेत्र में मतदाता अपने मतो का प्रयोग निर्भीक होकर करें। गतवर्षो के मतदान प्रतिशत की तुलना में वृद्धि हो।

कलेक्टर श्री वैद्य ने कहा कि सभी अधिकारी, कर्मचारी सम्पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया समाप्ति तक निर्वाचन आयोग के आदेशो का पालन करेंगे। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्वाचन की सम्पूर्ण अवधि तक सभी निर्देश जो आयोग द्वारा जारी किए जाते है उनका बखूबी अध्ययन कर क्रियान्वयन करें। उन्होंने सभी विभाग में डिलेवरी सिस्टम उन्नत करने के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन देते हुए कहा कि निर्वाचन के दौरान सभी कार्यालय का स्टॉप संवेदनशीलता के साथ अंर्तविभागीय समन्वय से कार्यो का संपादन करें। कलेक्टर वैद्य ने संबंधितों से अपेक्षा व्यक्त की कि वे सूचना तंत्रो का सशक्त बनाएं ताकि निर्वाचन के दौरान कहीं भी किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो पाए। उन्होंने समय सीमा में कार्यो का संपादन कर निर्वाचन के दौरान किसी भी प्रकार के दण्डात्मक प्रक्रिया से बचे रहने हेतु समझाइस दी । कलेक्टर वैद्य ने सभी मतदान केन्द्रो पर निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार किए जाने वाले प्रबंधो के संबंध में आवश्यक निर्देश देते हुए संबंधित एसडीएम सहित अन्य से कर्मचारियों से कहा है कि सेक्टर प्रभारियों के द्वारा भ्रमण कर दी गई रिपोर्ट के आधार पर सत्यापन कराना सुनिश्चित करें।



### फोटो-वीडियो कैप्चर करने के 5 मिनट में भेजनी होगी शिकायत

# सी-विजिल पर कोई भी आचार संहिता उल्लंघन की कर सकता है शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

चुनावी प्रक्रिया के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों की ऑनलाइन शिकायत के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा खास तौर पर तैयार किए सी-विजिल सिटीजन एप पर कोई भी व्यक्ति यदि उसे कहीं आचार संहिता के उल्लंघन का मामला नजर आता है तो अपने मोबाइल से फोटो या वीडियो केप्चर कर शिकायत कर सकता है।

सी-विजिल एप को गूगल प्ले स्टोर से मोबाइल पर डाउनलोड किया जा सकेगा। इस एप का इस्तेमाल करने के लिए शिकायतकर्ता के मोबाइल पर जीपीएस और इंटरनेट चालू होना आवश्यक है। आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों की ऑनलाइन शिकायतें इस एप के माध्यम से ही फोटो या वीडियो केप्चर कर की जा सकती है। वीडियो दो मिनट से अधिक का नहीं होना चाहिए। इससे अधिक अवधि का वीडियो एप पर अपलोड नहीं किया जा सकेगा। इसके साथ ही जिस मोबाइल से फोटो-वीडियो केप्चर किये गये हैं शिकायत केवल उसी से की जा सकेगी। किसी दूसरे मोबाइल या कैमरे की फोटो या वीडियो अथवा पहले से स्टोर फोटो या वीडियो इस एप पर अपलोड नहीं होगी। फोटो या वीडियो के साथ शिकायतकत्र्ता संक्षिप्त में प्रकरण के बारे में जानकारी भी दे सकता है।




#### शिकायत पर कार्रवाई करने के लिए बनाई गई है विशेष टीम

*सी-विजिल पर शिकायत भेजते ही शिकायतकर्ता को यूनिक आईडी प्राप्त होगी जिससे वह मोबाइल पर शिकायत को ट्रेक कर सकेगा। मोबाइल पर जीपीएस चालू होने के कारण शिकायतकर्ता जैसे ही अपनी शिकायत एप पर अपलोड करेगा वो स्थल की लोकेशन सहित तत्काल जिला निर्वाचन कार्यालय के सम्पर्क केन्द्र के पास पहुंच जायेगी। जिला निर्वाचन कार्यालय के सम्पर्क केन्द्र में शिकायतों की मॉनीटरिंग के लिए बैठी विशेष टीम फोटो या वीडियो की लोकेशन पर संबंधित क्षेत्र की फ्लाइंग स्क्वाड टीम या एसएसटी को मौके पर पहुंचने के निर्देश देगी। फ्लाइंग स्क्वाड दल भी मौके पर पहुंचकर शिकायत के बारे में तहकीकात करेगा और स्थल का वीडियो बनाकर सी-विजिल इन्वेस्टीगेटर एप पर सीधे सम्बन्धित निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी को रिपोर्ट करेगा। यदि शिकायत सही पाई जाती है तो रिटर्निंग अधिकारी को इसे आगे की कार्यवाही के लिए निर्वाचन आयोग को भेजना होगी।*

#### केवल आचार संहिता के उल्लंघन संबंधी शिकायतें ही कर सकेंगे, व्यक्तिगत शिकायतें नही होगी

*निर्वाचन आयोग ने यह स्पष्ट किया है कि सी-विजिल एप पर नागरिक केवल आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन सम्बन्धी शिकायतें ही कर सकेंगे। व्यक्तिगत शिकायतें इस एप पर नही की जानी चाहिए। सी-विजिल के दुरूपयोग को रोकने के लिए आयोग ने इस एप पर कुछ और फीचर्स भी डाले हैं। एक ही शिकायत की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए आयोग ने एप में व्यवस्था की है कि यह एक ही व्यक्ति द्वारा की जाने वाली एक के बाद एक लगातार शिकायतों के बीच पांच मिनट का अंतराल हो। इसके अलावा जिला निर्वाचन कार्यालय को एक ही जैसी शिकायतों, बनावटी या ओछी शिकायतों अथवा ऐसी शिकायतों को जो आचार संहिता के उल्लंघन से सम्बन्धित न हों उन्हें दर्ज नहीं किए जाने की अनुमति भी दी है।*

#### टीम सौ मिनट के भीतर शिकायत पर करेगी कार्रवाई

जिला निर्वाचन कार्यालय को भी शिकायत मिलते ही उस पर तुरंत एक्शन लेना होगा और प्राप्त शिकायत को पांच मिनट के भीतर संबंधित क्षेत्र की फ्लाइंग स्क्वाड टीम को प्रेषित करना होगा तथा जाँच के लिए मौके पर भेजना होगा। फ्लाइंग स्क्वाड टीम को सौ मिनट के भीतर शिकायत का कम्प्लायंस देना जरूरी होगा अन्यथा ये शिकायत सीधे निर्वाचन आयोग को स्वतः ट्रांसफर हो जायेगी। आयोग द्वारा समय पर शिकायत पर कार्यवाही न करने के लिए संबंधित फ्लाइंग स्क्वाड टीम से स्पष्टीकरण भी मांगा जा सकता है।

सी-विजिल की एक विशेषता यह भी है कि नागरिकों द्वारा इस पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों की गुमनाम शिकायत भी जा सकेगी। गुमनाम शिकायत करने के विकल्प को अपनाने की स्थिति में शिकायतकर्ता का मोबाइल नम्बर एवं प्रोफाइल विवरण सिस्टम को नहीं भेजा जा सकेगा। इस वजह से शिकायतकर्ता को यूनिक आईडी प्राप्त नहीं होगी और वह अपनी शिकायत को ट्रेक नहीं कर सकेगा और उसकी अद्यतन स्थिति भी नहीं जान सकेगा। हालाकि नागरिकों के पास संबंधित रिटर्निंग अधिकारी से व्यक्तिगत रूप से ऐसी शिकायतों पर की गई कार्यवाही के संबंध में सूचना का विकल्प होगा। सी-विजिल एप पर की गई शिकायत में इस्तेमाल वीडियो और फोटो को मोबाइल या गैलरी में सेव नहीं किया जा सकेगा। सी- विजिल एप केवल उन्हीं राज्य या क्षेत्र की भौगोलिक सीमा में कार्य करेगा जहां चुनाव हो रहे हैं।

# जीप एवं ट्रैक्टर ट्राली दुर्घटना मामले में घायलों की संख्या 9, विदिशा रेफर

### सलामतपुर पुलिस ने जीप ज़ब्त कर चालक पर किया मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

फॉलोअप

बुधवार को भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे पर जीप व ट्रैक्टर ट्राली में हुई टक्कर में घायल मज़दूरों की संख्या बढ़कर 9 हो गई है। घटना के बाद तत्काल सभी मज़दूरों को पहले बेरखेड़ी चौराहे पर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था। वहां पर एक दिन का ही बिल जब तीस हजार रुपए आया तो सभी घायल मज़दूरों को सांची के सरकारी अस्पताल में रेफर कर दिया गया। फिर सांची अस्पताल से भी सभी मज़दूरों को विदिशा के मेडिकल अस्पताल रेफर किया है।

वहीं पुलिस ने टक्कर मारने वाली जीप एमपी 04 सीबी 7186 ज़ब्त कर अज्ञात चालक के विरुद्ध 279, 337 आईपीसी का मामला पंजीबद्ध किया है। वहीं गुरुवार को थाने आए एक 75 वर्षीय बुजुर्ग हरिराम मीणा ने बताया की उसी जीप ने उन्हें भी टक्कर मारी है।

#### टक्कर लगते ही ट्राली पलट गई

*दुर्घटना में घायल हुए सभी मजदूर सेडूखेड़ी गांव से गेंहू की फसल काटकर ट्रैक्टर ट्राली से अपने घर भरतीपुर गांव जा रहे थे। जैसे ही ट्रैक्टर ट्राली भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 पर पहुंची तभी भोपाल की तरफ से आ रही तेज रफ़्तार जीप ने ट्राली में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेजी से पड़ी की ट्राली ही पलट गई और ट्राली में बैठे लगभग 20 से 25 मज़दूर नीचे गिरकर घायल हो गए। मजदूरों ने ही ट्राली को सीधा किया और तत्काल बेरखेड़ी चौराहे के निजी अस्पताल पहुंच गए। जहां पर सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया।*

#### ये हुए हैं दुर्घटना में घायल

*वैसे तो जानकारी मिल रही है कि ट्रैक्टर ट्राली में लगभग 20 से 25 मजदूर बैठे थे। लेकिन चोटें सिर्फ 9 मजदूरों को ही आईं हैं। जिनमें गीता बाई के दाहिनी आंख के ऊपर चोट आई है। रजनी बाई का सीधा पेर फैक्चर हुआ है। मुस्कान के माथे पर चोट आई है। प्रेम बाई और मुल्ली बाई की कमर में चोट, छोटी बाई के हाथ में, सुनीता बाई का बायां हाथ फैक्चर, बसंती बाई के दाहिने पैर व कूल्हे में और गीता बाई के पैर व गर्दन में चोट आई है।*

#### घायलों का अस्पताल में चल रहा उपचार

*ट्राली में टक्कर मारने वाली जीप को जब्त कर अज्ञात चालक के विरुद्ध धारा 279, 337 का मामला पंजीबद्ध कर लिया गया है। इस दुर्घटना में लगभग 9 मज़दूर घायल हुए हैं। अस्पताल में जिनका उपचार चल रहा है।*

*- **दिनेश सिंह रघुवंशी**, थाना प्रभारी सलामतपुर।*



### चिलचिलाती धूप में नप कर्मचारियों ने निकाली जन जागरुकता रैली

**सिलवानी।** लोकसभा आम चुनाव 2024 में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने व मतदाताओ को आवश्यक मतदान करने को जागरुक किए जाने को लेकर स्वीप प्लान के तहत नगर परिषद के कर्मचारियों के द्वारा गुरुवार को नगर में जन जागरुकता रैली निकाली गई। दोपहर के समय चिलचिलाती धूप में कर्मचारियो के द्वारा जन जागरुकता रैली निकाली। रैली को सीएमओ सुनील कुमार जैन के द्वारा हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया। नगर परिषद कार्यालय से प्रारंभ हुई रैली शिवाजी नगर सहित मुख्य मार्गो से होती हुई तहसील तिराहा पहुची। रैली में शामिल कर्मचारी अवश्यक मतदान सें संबंधित स्लोगन लिखी तख्तियां रखे नारे लगाते हुए मतदाताओं को अवश्यक रुप से मतदान किए जाने को जागरुक कर रहे थे। प्रारंभिक स्थल पर पहुंचकर रैली समाप्त हुई।

# तहसीलदार ने मतदान केंद्रों पर पहुंचकर किया निरीक्षण

### मतदान केंद्रों पर हो मूलभूत सुविधाएं : उईके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

लोकसभा निर्वाचन में समावेशी, सुगम्य, विश्वसनीय नैतिक मतदान को दृष्टिगत रखते हुए तहसीलदार प्रमोद उईके, एसडीओपी अदिति भावसार सक्सेना, थाना प्रभारी कपिल गुप्ता, नायब तहसीलदार शिब्बू सिंह कसोरिया, सीएमओ निरुपमा शाह यादव द्वारा नगरीय क्षेत्र बाड़ी में लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों हेतु मतदान केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। पिंक बूथ, आदर्श मतदान केंद्र, संवेदनशील और अति संवेदनशील मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर तहसीलदार प्रमोद उईके ने बताया कि चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार ही केंद्रों को तैयार किया जा रहा है।

विदिशा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत भोजपुर विधानसभा क्षेत्र के बाड़ी सेक्टर अंतर्गत बनाए मतदान केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। आयोग के निर्देशानुसार मूलभूत सुविधाएं, समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने सीएमओं निरुपमा शाह को निर्देशित किया है। इसी क्रम नगर में पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्चः निष्पक्ष मतदान करने का दिया संदेश, वाहनों के साथ पैदल चले अधिकारी।



लोकसभा निर्वाचन आचार संहिता प्रभावशील होते ही पुलिस प्रशासन द्वारा निष्पक्ष व स्वतंत्र चुनाव कराने के लिए लोगों को भरोसा दिलाया जा रहा है। बाड़ी में एसडीओपी अदिति भावसार सक्सेना, थाना प्रभारी कपिल गुप्ता के संयुक्त मार्गदर्शन में फ्लैग मार्च निकालकर पुलिस ने संदेश दिया कि चुनाव में गड़बड़ी करने वालों की खैर नहीं। इस दौरान जिला पुलिस बल, एसएफ, स्थानीय पुलिस के 140 जवान सड़क पर उतरकर पुलिस ने नगर में घूमकर निष्पक्ष चुनाव कराने का संदेश दिया।

## खबर संक्षेप

### मध्यप्रदेश भूलेख पोर्टल एक से 10 अप्रैल तक रहेगा बंद

**रायसेन।** प्रदेश में कृषि वर्ष परिवर्तन के कारण कार्यालय आयुक्त, भू-अभिलेख ग्वालियर द्वारा संचालित मध्यप्रदेश भूलेख पोर्टल की सेवाएँ आगामी एक अप्रैल से 10 अप्रैल तक स्थगित रहेंगी। यह जानकारी कार्यालय आयुक्त भू-अभिलेख ग्वालियर द्वारा दी गई है।

### कथा स्थल पर सजाया गया चैतन्य देवी दरबार

**सिलवानी।** यज्ञ का मतलब-त्याग, बलिदान,समर्पण। कहते हैं यज्ञ कुण्ड में स्थूल सामग्री को अग्नि के माध्यम से देवता के निकट पहुँचाने की प्रक्रिया को यज्ञ कहते हैं । हवन कुंड में अग्नि प्रज्वलित करने के पश्चात इस पवित्र अग्नि में घी,फल, शहद, घी, काष्ठ इत्यादि पदार्थों की आहुति प्रमुख होती है। परन्तु हमें इस श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर ईश्वरीय याद रूपी योगाग्नि में तीन चीजों को स्वाहा करना हैं तन, मन,धन। यह उद्गार गीता ज्ञान यज्ञ के समापन दिवस गुरुवार को मुख्य वक्ता राजयोगिनी बीके नीलम दीदी ने व्यक्त किए । समापन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्वालु पहुचें, यहां पर चैतन्य देवी दरवार भी सजागा। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सिलवानी के तत्वावधान में श्रीमदभागवत गीता ज्ञान यज्ञ के सातवें समापन दिवस में प्रवक्ता राजयोगिनी नीलम बहन ने सर्वप्रथम श्रीमदभागवत गीता की आरती के बाद परमात्मा राम का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि भागवत में चार अक्षर हैं इन 4 अक्षरों को अगर समझ लिया तथा जीवन में धारण किया, तो आप ईश्वर के नजदीक जा सकते हैं।

# भोजपुर में महिलाओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

### लोकसभा चुनाव में अनिवार्य रूप से मतदान करने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

लोकसभा निर्वाचन-2024 में जिले में अधिकाधिक मतदान हो, इसके लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे के निर्देशानुसार स्वीप प्लान के तहत विभिन्न मतदाता जागरूकता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में गुरूवार को औबेदुल्लागंज विकासखण्ड अंतर्गत भोजपुर संकुल स्तरीय संगठन सीएलएफ ग्राम पंचायत भोजपुर में स्व-सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा मतदाता जागरूकता विषय पर मेहंदी, रंगोली आदि गतिविधियां आयोजित की गईं। साथ ही सभी लोकसभा निर्वाचन में अनिवार्य रूप से मतदान करने की शपथ दिलाई गई। इसके उपरांत महिलाओं द्वारा भोजपुर शिव मंदिर प्रांगण तक मतदाता जागरूकता रैली भी निकाली गई।



इस अवसर पर जनपद सीईओ वृंदावन सिंह, बीएल जितेन्द्र चतुर्वेदी सहित अन्य अधिकारी और ग्राम कीरतनगर, इमलिया, सिंहपुर, सिमरोदा, मेंदूआ, देहरी व नीमखेड़ा की महिलाएं भी उपस्थित रहीं।

# संयुक्त संचालक ने रायसेन में मीडिया मॉनिटरिंग सेल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के दौरान जिले में पेड न्यूज की मॉनिटरिंग के लिए कलेक्ट्रेट भवन में कलेक्टर तथा जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय एमसीएमसी समिति के तहत मीडिया मॉनिटरिंग सेल स्थापित किया गया है।

जनसंपर्क विभाग के भोपाल संभाग के संयुक्त संचालक पंकज मित्तल द्वारा गुरुवार को कलेक्ट्रेट भवन में स्थापित मीडिया मॉनिटरिंग सेल का निरीक्षण किया गया तथा बैठक लेकर गतिविधियों की समीक्षा की गई।



संयुक्त संचालक श्री मित्तल को जिला जनसंपर्क अधिकारी अनुभा सिंह द्वारा पेड न्यूज की मॉनिटरिंग संबंधित गतिविधियों से अवगत कराया गया। संयुक्त संचालक श्री मित्तल ने ड्यूटीरत कर्मचारियों से भी जानकारी ली।

### कलेक्टर दुबे ने सांची में एसएसटी चेक प्वाइंट का किया निरीक्षण

लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत सांची में बनाए एसएसटी प्वाइंट का कलेक्टर तथा जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे द्वारा निरीक्षण किया गया। उन्होंने चेक प्वाइंट के निरीक्षण के दौरान एसएसटी टीम से वाहनों की जांच, पंजी आदि के संबंध में जानकारी लेते हुए पूरी सजगता और मुस्तैदी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विकास शहवाल भी साथ रहे।

# मिट्टी के बर्तन बनाने वाले कुम्हार समाज पर आर्थिक संकट, बिक नहीं रहे मिट्टी के मटके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

मिट्टी के बर्तन बनाकर अपनी आजीविका चलाने वाले अधिकतर कुम्हार जाति के लोगों को दोहरी मार पड़ रही है। हालात इसलिए भी बदतर होते जा रहे हैं कि अब मिट्टी के बर्तनों को उनके कदरदान भी कम मिल रहे हैं।

ऐसे में पीढ़ियों से इस कला को जीवित रखकर अपना पेट पालने वालों को अब मिट्टी के बर्तन बेचकर आजीविका चलाने के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दीवानगंज के पास ही स्थित ग्राम बरजोर पुर, जमुनिया, निनोद, सरार कयामपुर, सग्रामपुर, दीवानगंज, सेमरा, मुड़ियाखेड़ा, भारतीपुर, अंबाडी, शाहपुर, काली टोर, पिपरई, मुस्काबाद, सत्ती बसिया में निवास करने वाले कुम्हार जाति के लोग अपनी जीविका के चलाने में असहनीय है।



लोग मिट्टी के बर्तन में होने वाले ठंडे पानी की जगह फ्रिज का पानी पी रहे हैं मटके के ठंडे पानी से परहेज कर रहे हैं। यही वजह है कि इन मिट्टी के बर्तन बनाने वाले कुम्हारों के बर्तन नहीं बिक रहे हैं।

यह सभी लोग दीवानगंज की हाट बाजार में आकर अपने बर्तन बेचते हैं। कुम्हार परिवारों ने महीनों पहले मटकों और सुराही का निर्माण शुरू कर दिया है, ताकि जैसे ही गर्मी की शुरुआत हो, इसकी बिक्री कर सकें, लेकिन इस बार ऐसा हो नहीं सका। अंबाडी निवासी मलखान प्रजापति, कूल्हाड़िया निवासी पवन प्रजापति ने बताया कि घर की आर्थिक स्थिति ठीक-ठाक नहीं है दीवानगंज बाजार में हम लोग अपने बनाए हुए मटके बिक नहीं रहे हैं।

### ट्रेन से बासौदा जाते समय

# पूर्व सीएम चौहान का रेलवे स्टेशन पर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

गुरुवार को बिलासपुर एक्सप्रेस से बासौदा जाते वक्त विदिशा रायसेन संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी व पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का सलामतपुर रेलवे स्टेशन पर कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत किया। शिवराज सिंह चौहान भोपाल से गंजबासौदा कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे।

कार्यक्रम की जानकारी कार्यकर्ताओं को मिलते ही उन्होंने रास्ते में पड़ने वाले सलामतपुर तथा सांची रेलवे स्टेशन पर ट्रेन रुकने के उपरांत उनका ज़ोरदार स्वागत किया। इस दौरान सांची विधानसभा क्षेत्र से विधायक एवं पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर प्रभुराम चौधरी, भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, पूर्व मंत्री रामपाल सिंह, सांची मंडल अध्यक्ष संतोष शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं मौजूद रहे।



***सलामतपुर।** पूर्व सीएम का शिवराज सिंह का स्वागत करते हुए कार्यकर्ता।*

### चुनाव को लेकर प्रशासन मुस्तैद, दिलाया मतदान करने का संकल्प

# चेक पोस्ट-मतदान केंद्रो का निरीक्षण करने पहुंचें अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

लोकसभा चुनाव निष्पक्ष, शांति पूर्ण व बगैर किसी व्यवधान के संपन्न कराने को लेकर प्रशासन पूरी तरह न केवल मुस्तैद है बल्कि मतदान का प्रतिशत बढ़ाने को लेकर स्वीप प्लान के तहत विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित कर मतदाताओ को आवश्यक मतदान करने को प्रेरित किया जा रहा है।

चुनाव कार्य में संलग्न कर्मचारियों को पीएमश्री कउमा विद्यालय में एसडीएम प्रकाश नायक व सीईओ नीलम रायकवार ने प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिया। यहां पर कर्मचरियो को लोक सभा निर्वाचन के सबंध में भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी दिशा निर्देशो की विस्तृत जानकारी दी गई।

इसके अतिरिक्त मतदान के दौरान किए जाने वाले कार्य तथा अन्य गतिविधियो को लेकर प्रशिक्षित किया गया। इसके पूर्व दिवस में जनपद पंचायत के सभागार में चुनाव संबंधी मीटिंग आयोजित की गई। जिसमें कर्मचारियो को मतदान का प्रतिशत बढ़ाने को लेकर टिप्स दिए गए, यहां पर कर्मचारियो, अधिकारियो के द्वारा मानव श्रृंखला बना कर शत प्रतिशत मतदान का संकल्प लिया गया ।



#### अधिकारियों ने किया चेक पोस्ट का निरीक्षण

लोकसभा आम चुनाव 2024 की धोशणा होते ही नगर के चारो मार्गो पर चेक पोस्ट बनाए गए। इन चेक पोस्टो का निरीक्शण अधिकारियो के द्वारा लगातार किया जा रहा है। स्टेट हाईवे 15 सियरमऊ में बनाए गए चेक पोस्ट का एसडीएम प्रकाश नायक व सीईओ नीलम रायकवार ने निरीक्षण किया, साथ ही यहां से निकलने वाले वाहनों की भी जांच पड़ताल की गई। चेक पोस्ट पर मौजूद कर्मचारियों को कर्तव्य निश्ठा व मुस्तैदी के साथ डयूटी करने के निर्देश दिए।

#### मतदान केंद्रो का निरीक्षण

*अधिकारियो ने नगर व तहसील के अनेक ग्रामों में बनाए गए मतदान केंद्रो का निरीक्षण किया। केंद्र पर बिजली, पानी आदि सुविधाओ का जायजा लिया तथा संबंधित कर्मचारियो को मतदान केंद्र को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त ग्रामो मे स्थित मतदान केंद्र का निरीक्षण के पश्चात एसडीएम प्रकाश नायक व सीईओ नीलम रायकवार ने ग्रामीणो से भी भेंट की तथा आवश्यक मतदान करने व मतदान का प्रतिशत बढ़ाने को प्रेरित किया।*

**आम सूचना**

**मेसर्स जी एंड जी एसोसिएट्स के भागीदारी विलेख में संशोधन के संबंध में**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स जी एंड जी एसोसिएट्स जिसका कार्यालय वार्ड नंबर 03, राम नगर कॉलोनी उदयपुरा रायसेन के नाम से दिनांक 05/12/2018 को (1) श्री ब्रजेन्द्र सिंह राजपूत पुत्र श्री गोविंद सिंह राजपूत निवासी उदयपुरा रायसेन (2) धीरेंद्र सिंह राजपूत पुत्र श्री गोविंद सिंह राजपूत निवासी बोरास उदयपुरा रायसेन (3) अंशुल गौर पुत्र श्री अनुराग गौर निवासी ग्राम शैल डोलरिया होशंगाबाद (4) श्री आदित्य राजपूत पुत्र श्री सुभाष राजपूत निवासी वार्ड नंबर 1 बुधनी सीहोर द्वारा भागीदारी फर्म का गठन किया था तत्पश्चात दिनांक 07/09/2022 को उक्त भागीदारी फर्म के विलेख में संशोधन किया गया जिसके माध्यम से उक्त भागीदारी फर्म में ब्रजेंद्र सिंह राजपूत, धीरेंद्र सिंह राजपूत, अंशुल गौर और आदित्य राजपूत के अलावा 2 और भागीदार भागीदारी फर्म में सम्मिलित हुए जिनके नाम इस प्रकार है (1) वीरेंद्र सिंह पटेल और (2) गोविंद सिंह पटेल अतः उक्त भागीदार फर्म में वर्तमान में उक्त 06 भागीदार के अतिरिक्त किसी भी अन्य व्यक्ति संस्था और कंपनी का कोई हक व हिस्सा नहीं है इस फर्म में सभी 06 भागीदार का ही हक व हिस्सा है तदनुसार सार्वजनिक को सूचित हो।

**पार्टनर आदित्य राजपूत**
**वार्ड नंबर 1 बुधनी सीहोर**
**मोबाईल नंबर - 9179180808**